हरदोई में टेक्सटाइल पार्क का सर्वे शुरू, रिपोर्ट मांगी

तैयारी

- लखनऊ की सीमा पर बनेगा टेक्सटाइल पार्क
- राजस्व विभाग के अधिकारी कर रहे सर्वे

हरदोई, संवाददाता। लखनऊ और हरदोई जनपद की सीमा पर प्रस्तावित पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क बनने की दिशा में एक कदम और बढ़ गया है। शासन के निर्देश पर उपलब्ध भूमि को मेगा इंटीग्रेटेड अपेरल पार्क के नाम से ट्रांसफर करने के बाद राजस्व विभाग की टीम को स्थलीय सर्वेक्षण व भूमि के सर्वे के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने बताया जल्द ही सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी।

केंद्र सरकार की ओर से देश के चुनिंदा राज्यों में पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क बनाए जाने के फैसले के तहत जनपद की कटियार, रैकवार खेडा व हड़हा ग्राम पंचायत की 259.09 हेक्टेयर भूमि व लखनऊ जनपद की 907.07 एकड़ जमीन के साथ कुल 1162 एकड़ जमीन पर टेक्सटाइल पार्क बनाया जाना है। हुए लखनऊ व हरदोई जिला प्रशासन ने स्थलीय सर्वेक्षण करने का काम शुरु कर दिया है। 1200 करोड़ से बनने वाले पार्क के टोपोग्रॉफिकल सर्वे का काम भी शुरू हो गया है। जिसकी जिम्मेदारी यूपीएसआईसी निभा रहा है।